# LL.B. I Sem. Examination, Dec. 2019

## LAW-I Jurisprudence I (Legal Theory)

**Time: Three Hours]** **(K-1001) (N)** **[M.M.: 100**

**नोट :** सभी खण्डों को निर्देशानुसार हल कीजिए। Attempt all the Sections as per instructions.

**खण्ड-अ**

**Note:** इस खण्ड में पाँच प्रश्न हैं, किन्हीं तीन प्रश्नों को हल कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 20 अंक का है। विस्तृत उत्तर अपेक्षित है। This Section contains five question. Attempt any three questions. Each question carries 20 marks. Answer must be descriptive.

1. विधिशास्त्र की परिभाषा दीजिये। इसकी प्रकृति और क्षेत्र का वर्णन कीजिये।
   Define jurisprudence. Discuss its nature and importance.
2. सेविग्नी के अन्तः चेतना सिद्धान्त की व्याख्या कीजिये।
   Explain Savigny's Volksgeist theory.
3. जॉन ऑस्टिन के द्वारा दी गयी विधि के आदेशात्मक सिद्धान्त की व्याख्या कीजिए।
   Discuss the command theory of Law given by John Austin.
4. अमेरिकन यथार्थवादी विधिशास्त्र विचारधारा पर एक निबन्ध लिखिये।
   Write an essay on American Realist School of jurisprudence.
5. विधिशास्त्र के ऐतिहासिक विचारधारा पर हेनरी मेन के विचारों की व्याख्या कीजिये।
   Discuss Henry Maine's thoughts on Historical School.
   **अथवा**
   रॉस्को पॉउण्ड के सामाजिक यांत्रिकी के सिद्धान्त की व्याख्या कीजिए। Discuss Roscoe Pound's theory of social engineering.

**खण्ड-ब**

**Note:** इस खण्ड में तीन प्रश्न हैं। किन्हीं दो प्रश्नों को हल कीजिए। This Section contains three questions. Attempt any two questions.

6. विधिशास्त्र विधि का नेत्र है। व्याख्या करें।
   Jurisprudence is the Eye of Law. Comment.
7. मार्क्स की विधि के सिद्धान्त की व्याख्या करें। Marxist's theory of Law.
8. विधि मानकों का पदानुक्रम है। व्याख्या करें। Law is the Hierarchy of norms. Comment.

**खण्ड-स**

**Note:** इस खण्ड में पाँच प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
This Section contains five questions. All questions are compulsory.

9. जीवित विधि का सिद्धान्त। Theory of living law.
10. विधि मात्र नैतिकता नहीं है। व्याख्या करें। Law is not all morality. Comment.
11. विधिशास्त्र एवं राजनीतिशास्त्र के मध्य संबंध स्थापित करें।
    Relation between Jurisprudence and Political Science.
12. विधि विधिशास्त्र का लोपबिन्दु है।" व्याख्या कीजिये।
    'Law is the vanishing point of jurisprudence.' Comment.
13. मूलमानक। Ground-norm.

# LL.B. I Sem. Examination, Dec. 2019

## LAW-II Constitutional Law of India-I

## (Nature of the Constitution and Fundamental Right)

**Time: Three Hours]** **(K-1002) (N)** **[M.M.: 100**

**नोट :** सभी खण्डों को निर्देशानुसार हल कीजिए।

Attempt all the Sections as per given instructions. **खण्ड-अ (Section-A)**

**Note:** सभी पाँच प्रश्नो के उत्तर दीजिये। प्रत्येक प्रश्न 4 अंक का है। अधिकतम 75 शब्दों में लघु उत्तर अपेक्षित है। Attempt all the five questions. Each question carries 4 marks. Very short answer is required not exceeding 75 words.

1. मूल अधिकार का दावा कौन कर सकता है और ये अधिकार किसके विरूद्ध उपलब्ध हैं? Who can claim Fundamental Rights and against whom these rights are available?
2. संघवाद के आवश्यक तत्वों को लिखिए। Write down the essential elements of Federalism.
3. 'विधि के समक्ष समता' और 'विधियों का समान संरक्षण' का अति-संक्षेप में वर्णन कीजिए। Explain in very brief the 'equality before law' and 'equal protection of laws'.
4. भारतीय संविधान के भाग 3 में उल्लिखित 'मानव के दुर्व्यापार और बलातश्रम का प्रतिषेध' एवं 'कारखानों आदि में बालकों के नियोजन का प्रतिषेध' से सम्बन्धित प्रावधानों को लिखिए। Write down the provisions relating to 'Prohibition of traffic in human beings and forced labour' and 'Prohibition of employment of children in factories etc., an contained in Part III of the Indian Constitution.
5. क्या उद्देशिका भारतीय संविधान का भाग है? अति-संक्षेप में वर्णन कीजिए। Can Preamble be part of Indian Constitution? Explain in very brief.

**खण्ड-ब (Section-B)**

**Note:** निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 10 अंक का है। अधिकतम 200 शब्दों में लघु उत्तर अपेक्षित है। Attempt any two questions out of the following three questions. Each question carries 10 marks. Short Answer is required not exceeding 200 words.

6. भारतीय संविधान में प्रत्याभूत 'मूल अधिकारों' को किन परिस्थितियों में और किसके द्वारा निलंबित किया जा सकता है? क्या इन अधिकारों को सामान्य दिनों में सशस्त्र बलों के सदस्यों के प्रयोग के सम्बन्ध में भी निलंबित अथवा निराकृत किया जा सकता है? विवेचना कीजिए। In what circumstances and by whom can the 'fundamental rights' guaranteed by the constitution be suspended? Can they also be suspended or abrogated in their application to Armed Forces in normal times? Discuss.
7. अल्पसंख्यक से आप क्या समझते हैं? निर्णीत वादों की सहायता से भारतीय संविधान के भाग-3 में प्रत्याभूत अल्पसंख्यकों के संस्कृति और शिक्षा सम्बन्धी अधिकारों की विवेचना कीजिए। What do you mean by Minority? With the help of decided cases discuss the cultural and educational rights of minorities guaranteed under Part III of the Indian Constitution?
8. 'राज्य के नीति निर्देशक तत्व', 'मूल अधिकारों' से कैसा सम्बन्ध रखता है? निर्णीत वादों की सहायता से विवेचना कीजिए। How the 'Directive Principles of state Policy' is related to 'Fundamental Rights? Discuss with the help of decided cases.

**खण्ड-स (Section-C)**

**Note:** निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 20 अंक का है। विस्तृत उत्तर अपेक्षित है। Attempt any three questions out of the following five questions. Each question carries 20 marks. Answer is required in detail.

9. सार्वजनिक सेवा में आरक्षण की प्रकृति एवं सीमा पर उच्चतम न्यायालय ने अनेक मामलों पर विचार किया है। इस कथन का परीक्षण उच्चतम न्यायालय द्वारा दिये गए महत्वपूर्ण निर्णयों के संदर्भ में कीजिए। जिसमें आरक्षण के विभिन्न पहलुओं पर विचार किया गया है।
The nature and extent of 'Reservation' in matters of public employment has been considered by the Supreme Court of India in several cases. Examine the statement in the light of major judicial pronouncements of the Supreme Court dealing with different aspects of Reservation.

10. यद्यपि संविधान धार्मिक स्वतंत्रता को प्रत्याभूत करता है, तथापि इस स्वतंत्रता को विनियमित करने के लिए राज्य को स्पष्ट शक्ति भी प्रदान करता है। सांविधानिक प्रावधानों एवं निर्णीत वादों के आलोक में इस स्वतंत्रता के क्षेत्र की विवेचना कीजिए।
Though the Constitution guarantees freedom of religion yet the state has been given in clear power to regulate and control this freedom. Discuss the same of this freedom in the light of the constitutional provisions and decided case laws.

11. भारत के संविधान के अन्तर्गत प्रेस की स्वतंत्रता की विवेचना कीजिए। इस संदर्भ में 'जानने का अधिकार' की भी संक्षिप्त विवेचना कीजिए। निर्णीत वादों का हवाला दीजिए। Discuss the freedom of press under the constitution of India. Also discuss in this context Right to know' in brief. Refer to decided cases.

12. "आपराधिक न्याय प्रणाली भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के न्यायिक निर्वचन का परिणाम है।" निर्णीत वादों की सहायता से विवेचना कीजिए। "Criminal justice system is the result of interpretation of Article 21 of the constitution of India." Discuss with the help of decided cases.

13. भारतीय संघीय पद्धति के पुनरीक्षण की किसी भी योजना की मुख्य कुंजी, "राज्यों की स्वायत्तता एवं राष्ट्र की अखण्डता के बीच तारतम्यता" होनी चाहिए। क्या आप सहमत हैं? सकारण विवेचना कीजिए। The Keynote for any scheme of revision of Indian federal system must be as, "autonomy for the states consistent with integrity of the country". Do you agree? Discuss with reasons.

## LL.B. I Sem. Examination, Dec. 2019

## LAW-III Law of Torts and Consumer Protection Law

**Time: Three Hours] (K-1003) (New Course) [M.M.: 100**

**नोट :** सभी खण्डों को निर्देशानुसार हल कीजिए।Attempt all the Sections as per given instructions.

**खण्ड-अ (Section-A)**

**Note:** सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिये। Attempt all questions.

1. क्या अपकृत्य एक संहिता क्रमबद्ध विधि है? यदि नहीं तो उसका एक कारण लिखें।
Whether 'Tort' is a Codified Law? If no, then give one reason.
2. उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 के अन्तर्गत परिवाद।
Complaint under consumer protection Act, 1986.
3. 'जान बूझकर आपत्ति लेना' सूत्र की संक्षिप्त व्याख्या कीजिए।
Explain the maxim 'Volenti nonfit injuria'.
4. विद्वेषपूर्ण अभियोजन के आवश्यक तत्व क्या है?
What are essential elements in tort of malicious prosecution?
5. क्या दुष्कृति विधि में उद्देश्य एवं आशय सुसंगत है? Whether motive and intention are relevant in the law of torts?

**Note:** किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए। Attempt any two questions.

6. 'सेवा' शब्द की परिभाषा तथा विस्तार की विवेचना कीजिए। अपने उत्तर को निर्णीत वादों की सहायता से विवेचना कीजिए। Define and discuss the scope of term 'service'. Discuss your answer with decided cases.

7. निम्न के बीच अन्तर वादों की सहायता से कीजिए। मिथ्या कारावास एवं दुर्भावनापूर्ण अभियोजन। Distinguish between the following with the help of case law. False imprisonment & Malicious procecution.

8. उपेक्षा (असावधानी) को परिभाषित कीजिए। असावधानी के अपकृत्य के आवश्यक तत्व क्या है? उचित उदाहरणों की मदद से समझाइये। Define 'Negligence'. What are the essential elements of the tort of negligence? Explain with the help of appropriate examples.

**खण्ड-स (Section-C)**

**Note:** किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए। Attempt any three questions.

9. यदि एक व्यक्ति जिला फोरम, राज्य आयोग या राष्ट्रीय आयोग के आदेशों को मानने से इन्कार कर देता है या उनका पालन करने में असफल हो जाता है तो उनके द्वारा दी जाने वाली विभिन्न शक्तियों का वर्णन कीजिए।
If a person refuses to perform or become unable to perform the order of the District Forum, State Commission or National Commission. Explain the different penalties given by them.

10. उपताप (बाधा) के विषय से आप क्या जानते हैं? इसके तत्वों की चर्चा कीजिए। उपताप कितने प्रकार के होते हैं तथा उनके कौन-कौन से उपचार उपलब्ध हैं बताइये।
What do you understand by nuisance? Explain its elements. Describe the different kinds of nuisance along with their remedies available.

11. अपवचन एवं अपलेख की परिभाषा दीजिए तथा कहावत का विश्लेषण कीजिए, "जितना अधिक सत्य होगा उतना ही अधिक अपलेख होगा।"
Define libel and slander and discuss "the saying the greater the truth the greater the libel".

12. रालैण्ड बनाम फ्लेचर में प्रतिपादित नियम का वर्णन कीजिए। क्या इस नियम में कोई अपवाद है? वर्णन कीजिए। Discuss the rule laid down in Rylands Vs. Fletcher. Are there any exceptions to this rule? Discuss.

13. राज्य का अपने सेवकों द्वारा किये अपकृत्यों के लिए क्या दायित्व है? क्या राज्य को आज सम्प्रभु उन्मुक्ति मिलेगी? उच्चतम न्यायालय के निर्णयों का संदर्भ देते हुए विवेचना कीजिए। Discuss the liability of State for the torts committed by its servants. Whether the state will get sovereign immunity today? Discuss with the Supreme Court cases.

## LL.B. I Sem. Examination, Dec. 2019

## LAW-IV Law of Crimes (I. P. C.) (New Course)

**Time: Three Hours]** **(K-1004)** **[M.M.: 100**

**नोट :** सभी खण्डों को निर्देशानुसार हल कीजिए। Attempt all the Sections as per given instructions.

**खण्ड-अ (Section-A)**

**Note:** सभी पाँच प्रश्न हल कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 4 अंक का है। अधिकतम 75 शब्दों में अति लघु उत्तर अपेक्षित है। Attempt all the five questions. Each question carries 4 marks. Very Short Answer is required not exceeding 75 words.

1. एकान्त परिरोध पर टिप्पणी कीजिए। Write a note on Solitary confinement.
2. "अपराध की अवधारणा" पर संक्षिप्त नोट लिखिये।
   Write a short note on concept of crime.
3. लूट के लिये चार व्यक्ति हथियार सहित बंदूकों के साथ A के घर गये। एक अपराधी ने घर लूटा एक अपराधी ने A को चोट पहुँचायी तथा दो अपराधी घर के बाहर सहअपराधी की सहायता के लिये खड़े रहे। क्या चारों अपराधी अपराध के लिए उत्तरदायी हैं?
   Four persons went armed with guns to the house of A to B commit robbery. One accused robbed the house one accussed caused injury to 'A' and two other accused standing outside the house to help Co-accused. Whether all the four accused are liable for the offence?
4. "हमला" पर संक्षिप्त टिप्पणी कीजिये। Write short notes on "Assault".
5. क, यह आशय रखते हुये या सम्भाव्य जानते हुये कि वह य के चेहरे को स्थायी रूप से विदूषित कर दे। य के चेहरे पर प्रहार करता है जिससे य का चेहरा स्थायी रूप से विदूषित तो नहीं होता किन्तु, य को बीस दिन तक तीव्र शारीरिक पीड़ा कारित होती है। क ने कौन सा अपराध किया है? A, intending or knowing himself to be likely permanently to disfigure Z's face, gives Z a blow which does not permanently disfigure Z's face, but which cause Z to suffer severe bodily pain for the space of twenty days. Which crime A has committed?

**खण्ड-ब (Section-B)**

**Note:** निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 10 अंक का है। अधिकतम 200 शब्दों में लघु उत्तर अपेक्षित है। Attempt any two questions out of the following three questions. Each question carries 10 marks. Short Answer is required not exceeding 200 words.

6. भारतीय दंड संहिता के अन्तर्गत कितने तरह के दण्ड अपराधियों को दिये जाते हैं? उल्लेख कीजिये। Explain various types of Punishment to which offenders are liable under the Indian Penal Code.
7. सदोष अवरोध क्या है? सदोष परिरोध से अन्तर कीजिये।
   What is wrongful restraint? Distinguish it from wrongful confinement.
8. राजद्रोह पर एक टिप्पणी लिखिये। Write a note on Sedition.

**खण्ड-स (Section-C)**

**Note:** इस खण्ड में पाँच प्रश्न हैं। किन्हीं तीन प्रश्नों को हल कीजिये। प्रत्येक प्रश्न 20 अंक का है। विस्तृत उत्तर अपेक्षित है। This Section contains five questions. Attempt any three questions. Each question carries 20 marks. Answer is required in detail.

9. उन परिस्थितियों को बतायें जब सदोष मानव वध हत्या नहीं होता है? State the circumstances when culpable homicide does not amount to murder?
10. आपराधिक अतिचार का वर्णन कीजिये। यह गृह अतिचार से कैसे भिन्न है? वादों की सहायता से समझाइये। Discuss Criminal trespass. How does it differ from house breaking? Refer to cases.
11. "तथ्य की भूल अच्छा बचाव है, "विधि की भूल नहीं" स्पष्ट कीजिये। उत्तर उदाहरण सहित दीजिये। "Mistake of fact is good defence, Mistake of Law is not." Discuss. Illustrate your answer.
12. रिष्टि का अपराध की विवेचना कीजिये। अपने उत्तर को उदाहरणों से सिद्ध कीजिये। Explain the offence of Mischief. Substantiate your answer with illustrations.

13. संक्षिप्त में विवाह से सम्बन्धित अपराधों की व्याख्या कीजिए।
Explain in brief the offences relating to marriages.

# LL.B. I Sem. Examination, Dec. 2019

## LAW-V Contract-I (General Principles of Contract)

**Time: Three Hours]** **(K-1005) (N)** **[M.M.: 100**

**नोट :** सभी खण्डों को निर्देशानुसार हल कीजिए। Attempt all the Sections as per instructions.

**खण्ड-अ (Section-A)**

**Note:** सभी प्रश्न हल कीजिये : Attempt all questions.

1. 'स्वीकृति' से आप क्या समझते हैं?
What do you understand by "acceptance"?
2. 'गुप्तता का सिद्धांत' क्या है? What is Privity of Contract?
3. 'संविदा' को परिभाषित कीजिए। Give definition of Contract.
4. 'दुर्व्यपदेशन' से आप क्या समझते हैं? What is 'Misrepresentation'?
5. 'विवाह के अवरोधार्थ करार-शून्य' से आप क्या समझते हैं?
What do you mean by "Agreements in restraint of marriage-void"?

**खण्ड-ब (Section-B)**

**Note:** किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए। Attempt any two questions.

6. ''संविदा के नवीकरण' को समझाइए। Explain 'Novation of Contract'.
7. 'बाजी के करार' को समझाइए। Explain 'wagering agreement'.
8. 'संविदाओं के नैराश्य के सिद्धांत' को समझाइये। Explain doctrine of 'Frustration of Contract'.

**खण्ड-स (Section-C)**

**Note:** किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए। Attempt any three questions.

9. 'प्रतिफल रहित करार शून्य होता है''। इस नियम के अपवादों को समझाइये। "Agreement without consideration is void". Discuss the exceptions to the rule.
10. कौन से करार भारतीय संविदा अधिनियम में 'शून्य घोषित किये गये हैं? समझाइए। What agreements are regarded as void agreements in Indian Contract Act? Explain.
11. भारतीय संविदा अधिनियम में ''संविदा कल्प संबंधी आभार'' कहाँ-कहाँ वर्णित हैं? समझाइये। Discuss the provisions of Indian Contract Act relating to 'Quasi contractual obligations'.
12. 'कोई भी व्यक्ति जो वयस्क नहीं है, संविदा करने हेतु सक्षम नहीं होता'' भारतीय संविदा अधिनियम 1872 के अन्तर्गत एक अवयस्क द्वारा संविदा से संबंधित विधि का विस्तार से वर्णन कीजिए। "No person is competent to contract who is not of the age of Majority". Comment and discuss the law relating to minor's contract under the Indian Contract Act. 1872.
13. 'संपार्श्विक संविदा क्या है? बाजी के करार से इसका अंतर स्पष्ट कीजिए। What is contingent contract? Explain its difference with wagering agreement.